# 204

(I)

Total No. of Questions– **16**

Total No. of Printed Pages– **6** **Regd. No.** | | | | | | | | | | |

**Part II**

**HINDI**

**Paper II**

**(Second Language)**

***Time : 3 Hours*** ***Max. Marks : 100***

सूचनाएँ : — (*i*) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) जिस क्रम में प्रश्न दिये गये हैं, उसी क्रम से उत्तर लिखना अनिवार्य है।

**खण्ड 'क'**

**(60 अंक)**

1. निम्नलिखित दोहे की पूर्ति करते हुए भावार्थ सहित विशेषताएँ लिखिए : 1×8=8

दान दीन ........................................ ।

........................................ शरीर ॥

अथवा

कनक-कनक ........................................ ।

........................................ बौराय ॥

2. किसी **एक** कविता का सारांश 20 पंक्तियों में लिखिए : 1×6=6

(1) कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती

(2) मिट्टी की महिमा

3. किसी **एक** पाठ का सारांश 20 पंक्तियों में लिखिए : 1×6=6

(1) स्वामी विवेकानंद

(2) दो कलाकार

4. किसी **एक** एकांकी का सारांश लिखिए : 1×6=6

(1) संघमित्रा

(2) रीढ़ की हड्डी

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 2×4=8

(1) इसे निज जीवन-सखा बनाओ,
श्रम को अपनाओ
भू-जीवन मंगल गाओ !

(2) असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,
क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो।

(3) फसलें उगती, फसलें कटती, लेकिन धरती चिर उर्वर है,
सौ बार बने, सौ बार मिटे, लेकिन मिट्टी अविनश्वर है।

(4) सत्ता के मन में जब-जब पाप भर जाएगा,
झूठ और सच का सब अंतर मिट जाएगा,
न्याय असहाय, जोर-जब्र खिलखिलाएगा,
जब प्रचार ही लोक-मंगल कहलाएगा।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** गद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 2×4=8

(1) एक आलसी मनुष्य उस घरवाले के समान है जो अपना घर चोरों के लिए खुला छोड़ देता है।

(2) विवाह का दृश्य बड़ा दारुण होता है। विदा के वक्त औरतों के साथ मिलकर रोने को जी करता है।

(3) "अरे क्रीम है, इससे जाड़ों में चेहरा चिकना बना रहता है, काला नहीं पड़ता।"

(4) एक अलौकिक शांति और एक दूसरे से आती हुई पुकार जो इन हिम शिखरों के रहस्यमय वातावरण में मुझे बुला रही है।

7. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** लघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2×2=4

(1) कौन-सा व्यक्ति संसार में गौरव पा सकता है ?

(2) आदमी के जीवन में विवाह का क्या महत्व है ?

(3) ललिता का स्वभाव कैसा था ?

(4) कूर्मांचल प्रदेश का दर्शन करने वाले महान पुरुषों के नाम लिखिए।

8. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** लघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2×2=4**

(1) पंडित पंचम मिसिर कैसा व्यक्ति है ?

(2) संघमित्रा सिंहल क्यों जाना चाहती थी और उसके साथ-साथ कौन-कौन गये ?

(3) उमा किसकी "रीढ़ की हड्डी" की बात कहती है और क्यों ?

(4) पंचम मिसिर ने कैसा सपना देखा ?

9. निम्नलिखित प्रश्नों का **एक** वाक्य में उत्तर लिखिए : **5×1=5**

(1) वृन्द किसके दरबारी कवि थे ?

(2) बिहारीलाल की प्रमुख रचना कौन-सी है ?

(3) जीवन के विकास का कारण क्या है ?

(4) किसकी मेहनत बेकार नहीं होती ?

(5) टूटा विश्वास क्या बनेगा ?

10. निम्नलिखित प्रश्नों का **एक** वाक्य में उत्तर लिखिए : **5×1=5**

(1) लोगों को किस बात का ध्यान बचपन से ही रखना चाहिए ?

(2) डॉक्टर बस वालों से क्या झूठ बोलता है ?

(3) स्वामी विवेकानंद के गुरु कौन थे ?

(4) चित्रा द्वारा पुरस्कार प्राप्त चित्र का शीर्षक क्या था ?

(5) कूर्मांचल प्रदेश में बहने वाली नदी का नाम क्या है ?

## खण्ड 'ख'

**(40 अंक)**

11. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर इसके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4×2=8**

भारत त्योहारों का देश है। हमारे देश में सर्वत्र विविधता दिखाई पड़ती है। भौगोलिक रचना, मौसम, रहन-सहन, जाति-पाँति, धर्म, आचार-विचार आदि की विविधता के कारण इस देश में अनेकों त्योहार मनाये जाते हैं जैसे—दशहरा, दीपावली, होली, युगादि, संक्रान्ति, बकरीद, रमजान,

क्रिसमस इत्यादि त्योहार भारत देश में मनाये जाते हैं। इन त्योहारों का संबंध धर्म, विश्वास, मौसम तथा उल्लास से है। कुछ त्योहार ऐसे हैं जिनको सभी भारतीय पूरे देश में मनाते हैं। उन्हें राष्ट्रीय त्योहार कहा जाता है। ये त्योहार स्वाधीनता दिवस 15 अगस्त, गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, गांधी जयन्ती 2 अक्तूबर को मनाये जाते हैं। इन त्योहारों का संबंध हमारी आजादी, हमारी प्रजातांत्रिक व्यवस्था, हमारी जातीय अस्मिता तथा राष्ट्रीय गौरव से है। राष्ट्रीय त्योहार हमारे मन में उमंग, उत्साह एवं कर्तव्यनिष्ठा का संचार करते हैं।

प्रश्न :

(1) गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

(2) रेखांकित वाक्यांश का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(3) राष्ट्रीय पर्वों के नाम बताइए।

(4) पर्व हमारे जीवन में किस प्रकार उपयोगी हैं ?

12. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं छः शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए : 6×1=6

(1) महेश

(2) स्वागत

(3) मनोबल

(4) रवीन्द्र

(5) लघूर्मि

(6) जगदीश

(7) महोत्सव

(8) सदैव

(9) एकैक

(10) निर्धन

13. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं छः शब्दों के समास के नाम लिखिए : 6×1=6

(1) माता-पिता

(2) पंचवटी

(3) भरपेट

(4) दीननाथ

(5) विद्या धन

(6) अन्याय

(7) जलज

(8) आय-व्यय

(9) सतसई

(10) चक्रधर

14. (अ) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं **चार** का अर्थ लिखिए : **4×1=4**

(1) अक्ल का दुश्मन

(2) अंगूठा दिखाना

(3) आसमान टूटना

(4) नाम कमाना

(5) ऊँट के मुँह में जीरा

(6) आग बबूला होना

(7) मुँह में पानी आना

(8) कंचन बरसना

(आ) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** लोकोक्तियों का अर्थ लिखिए : **4×1=4**

(1) अंधों में काना राजा

(2) आ बैल मुझे मार

(3) काला अक्षर भैंस बराबर

(4) चोर-चोर मौसेरे भाई

(5) घाट-घाट का पानी पीना

(6) नाच न जाने आँगन टेढ़ा

(7) जो गरजे सो बरसे नहीं

(8) आगे कुआँ पीछे खाई

**15.** निम्नलिखित गद्यांश का संक्षिप्तीकरण कीजिए : **1×6=6**

साहित्यकार और समाज का गहरा संबंध होता है क्योंकि साहित्यकार साहित्य की रचना के लिए आवश्यक सामग्री समाज से ही ग्रहण करता है। समाज या सामाजिक जीवन को छोड़कर साहित्यकार वस्तु ग्रहण नहीं कर सकता है। वह उसे अपने चिंतन तथा कल्पना के सहारे एक आकर्षक रूप प्रदान करता है जिसके कारण उसके असंख्यक पाठक बनते हैं। साहित्यकार समाज का मुँह होता है। जो बात साधारण व्यक्ति नहीं कह पाता, उसे साहित्यकार बता सकता है। साहित्यकार समाज का अग्रणी होता है। वह समाज का दिशा-निर्देशन कर सकता है। दुनिया में जितनी भी क्रांतियाँ हुई हैं, उनके मूल में साहित्य का बड़ा हाथ रहा है। इससे स्पष्ट है कि समाज को बनाने में साहित्य का बड़ा योगदान है। इसलिए साहित्यकार का बड़ा उत्तरदायित्व है। साहित्यकार साहित्य की रचना करते समय इस बात को दृष्टि में रखे कि कला कला के लिए न होकर जीवन के लिए है। वह जो रचना करता है, उसमें सत्यं, शिवं, सुंदरम् का समावेश हो। यदि साहित्य में कुरुचिपूर्ण भावनाओं का स्वर हो तो उससे समाज का अहित होगा। इसलिए साहित्यकार इस बात पर ध्यान दे कि अपनी रचनाओं में ऐसा कोई भाव न हो, जिससे समाज का अहित हो।

**16.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** वाक्यों के वाच्य बदलिए : **3×2=6**

(1) सीता आम खायेगी।

(2) राम पाठ पढ़ता है।

(3) तुमने खाना खाया।

(4) ललिता नहीं सोती है।

(5) मुझसे फल खाया जाता है।

(6) शाहजहाँ से ताजमहल बनवाया गया था।